कार्यालय
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उत्तर प्रदेश
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0

प्लाट नं0–18, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार योजना, लखनऊ।

दूरभाष: 0522–2838109

Website http:// www.smcg-up.org /E-mail: apd@smcg-up.org

पत्र संख्या–998/656-C/ SMCG-UP/04   दिनांक : 23/08/2023

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला गंगा समिति

कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कन्नौज, बिजनौर, बलिया, फर्रूखाबाद, हापुड, मिर्जापुर एवं मेरठ।

विषयः– नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्णिमा तिथि में गंगा महाआरती आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

गंगा की अविरलता, निर्मलता तथा संरक्षण हेतु जन समुदाय में जागरूकता के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में लोगों की गंगा के प्रति आस्था के प्रतीक स्वरूप माँ गंगा की महाआरती का आयोजन कराया जाना है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के 10 जनपद–कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, कन्नौज, बिजनौर, बलिया, फर्रूखाबाद, हापुड़, मिर्जापुर एवं मेरठ के जिला गंगा समितियों द्वारा पूर्णिमा तिथि पर गंगा आरती आयोजित कराने के निर्देश दिये गये है, आयोजन में निम्नवत गतिविधियाँ आयोजित की जानी हैं :–

1. जनपद के सबसे चर्चित एक घाट पर सायं के समय महा–आरती का आयोजन।
2. आरती हेतु प्रशिक्षित अनुभवी व्यक्तियों का चयन किया जाये।
3. अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित किया जाए।
4. आरती में जिले के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए।
5. स्कूल, विश्वविद्यालय,के छात्रों/मीडिया/पुलिस/वन विभाग के अधिकारियों तथा गंगा से संबंधित स्टेकहोल्डर गंगा मित्र, गंगा प्रहरी, गंगा दूत आदि सहित शहर के महत्वपूर्ण सामाजिक संगठनों यथा सिविल डिफेन्स, रोटरी क्लब आदि को सहभागिता के लिये आमंत्रित किया जाये।
6. गंगा आरती को सफल बनाने हेतु नुक्कड़ नाटक, रंगोली, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपदान, गंगा शपथ, श्रमदान व घाट स्वच्छता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में नगर वासियों को सहभागी बनाया जाये।
7. इस उपलक्ष्य में 02 विज्ञापन (एक विज्ञापन गंगा आरती के एक दिन पहले तथा दूसरा कार्यक्रम के दिन) प्रमुख अखबारों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में दिया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सके। कार्यक्रम में स्थानीय प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया का सहयोग लिया जाए।
8. कार्यक्रम की हाई–रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी इत्यादि करायी जाए।
9. प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स एवं बैनर अधिष्ठापित किये जायें।

उक्त जनपदों में निम्नवत् तिथि के अनुसार गंगा आरती का आयोजन किया जाना है :–

क्र0 सं0	तिथि	जनपद
1	31.07.2023	कानपुर नगर
2	29.09.2023	मेरठ एवं हापुड़
3	28.10.2023	बिजनौर एवं कन्नौज
4	27.11.2023	वाराणसी
5	26.12.2023	फर्रूखाबाद
6	24.01.2024	मिर्जापुर
7	23.02.2024	प्रयागराज
8	24.03.2024	बलिया

उक्त गतिविधियों हेतु प्रत्येक जनपद को रू0 2.00 लाख की धनराशि अनुमोदित है, जिसका भुगतान टी0एस0ए0 प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि कार्यक्रम के उपरान्त तीन दिन के भीतर हाई–रिजॉल्यूशन फोटोग्राफ तथा वीडियो सहित विस्तृत रिपोर्ट इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ बलकार सिंह)
सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
विभाग/परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ
गंगा मिशन–उ0प्र0।

<u>प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु</u>

1. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी, नमामि गंगे कार्यक्रम, उ0प्र0।
2. सम्बन्धित जनपदों के सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति,उ0प्र0।
3. सम्बन्धित नोडल अधिकारी, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0।

23.08.23.

सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
विभाग/परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ
गंगा मिशन–उ0प्र0।